# DAV PUBLIC SCHOOL 39D,

चंडीगढ़ दिनभर

Follow Me

VELORA BUILDTECH
Honoured with People's Trust

## डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, सेक्टर 39डी, चंडीगढ़ में सहज योग दिवस : शांति और ऊर्जा का संगम





चंडीगढ़ दिनभर

चंडीगढ़ : डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, सेक्टर 39डी में आज का दिन आत्मिक शांति और संतुलन का अनुभव कराने वाला रहा, जब कक्षा 3 से 9 तक के छात्रों ने सहज योग दिवस के अवसर पर भीतर की यात्रा की। इस विशेष अवसर पर विद्यालय ने सहज योग की अनुभवी साधिका, मिस शीतल संधू का स्वागत किया। उन्होंने छात्रों के लिए एक अनोखा सत्र आयोजित किया, जिसमें ध्यान और रचनात्मकता का सुंदर समन्वय देखने को मिला। सरल लेकिन प्रभावशाली ध्यान विधियों के माध्यम से उन्होंने छात्रों को अपने भीतर की शांति को महसूस करने और स्पष्ट सोच विकसित करने में मदद की।

विद्यालय की प्राचार्या मनींदर वोहरा ने इस अवसर पर जीवन और अध्ययन में संतुलन बनाए रखने की प्रेरणादायक बात कही। उन्होंने सहज योग टीम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयास छात्रों के शैक्षणिक जीवन में आत्मचिंतन, मानसिक विकास और आंतरिक शांति को प्रोत्साहित करते हैं। यह दिन छात्रों के लिए न केवल एक यौगिक अभ्यास था, बल्कि एक सकारात्मक और स्थिर सोच की ओर कदम बढ़ाने का भी अवसर बना।

April 21, 2025

## डी ए वी पब्लिक स्कूल सेक्टर 39 डी में मनाया गया अलंकरण समारोह का आयोजन



चंडीगढ़ दिनभर

चंडीगढ़ : अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में छात्र-छात्राओं को विभिन्न पदों की जिम्मेदारियाँ सौंपी गई। हेड बॉय, हेड गर्ल, वाइस हेड बॉय, वाइस हेड गर्ल, हाउस कैप्टन, हाउस वाइस कैप्टन, स्पोर्ट्स कैप्टन, वाइस स्पोर्ट्स कैप्टन तथा कक्षा 6 से 9 तक के प्रिफेक्ट्स को बैज पहनाकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या मनींदर वोहरा जी ने सभी छात्र नेताओं को बैज पहनाकर उन्हें उनके कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। उन्होंने छात्रों को अनुशासन, नेतृत्व और सेवा भावना के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी।

समारोह में छात्र नेताओं ने शपथ ली कि वे अपने दायित्वों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करेंगे और विद्यालय का नाम गौरवान्वित करेंगे। यह आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व गुणों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल रहा। समारोह का समापन सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों के उत्साह व तालियों की गूंज के साथ हुआ।

## डीएवी स्कूल में धूमधाम से मनाई इन्वेस्टीचर सेरेमनी





चंडीगढ़। इन्वेस्टीचर सेरेमनी का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में छात्र-छात्राओं को विभिन्न पदों की जिम्मेदारियां सौंपी गई। हेड बॉय, हेड गर्ल, वाइस हेड बॉय, वाइस हेड गर्ल, हाउस कैप्टन, हाउस वाइस कैप्टन, स्पोर्ट्स कैप्टन, वाइस स्पोर्ट्स कैप्टन तथा कक्षा 6 से 9 तक के प्रिफेक्ट्स को बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मनींदर वोहरा ने सभी छात्र नेताओं को बैज पहनाकर उन्हें उनके कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। समारोह में छात्र नेताओं ने शपथ ली कि वे अपने दायित्वों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करेंगे और विद्यालय का नाम गौरवान्वित करेंगे

## सेक्टर-39 में छात्रों ने रैली निकाल नशे पर किया प्रहार



चंडीगढ़। डीएवी पब्लिक स्कूल की कक्षा 7 से 9 तक के लगभग 100 विद्यार्थियों ने शिक्षकों के साथ विद्यालय परिसर के आसपास आयोजित राज्य स्तरीय नशा मुक्त भारत अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस रैली का उद्देश्य नशा मुक्त चंडीगढ़ की दिशा में एक सार्थक प्रयास करना था। छात्रों ने अपने हाथों से बनाए गए पोस्टर और तख्तियां लेकर नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने वाले संदेशों के साथ रैली निकाली। विद्यालय की प्रधानाचार्या महोदय मनिंदर वोहरा ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए संबोधित किया और समाज में बदलाव लाने में युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया। विद्यालय छात्रों की अनुशासित भागीदारी और इस पुण्य कार्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना करता है।




# डीएवी पब्लिक स्कूल 39 में योग दिवस पर छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने मिलकर किया योगाभ्यास



**चंडीगढ़ :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल 39 में किया योगाभ्यास। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यालय की प्रिंसिपल मनिंदर वोहरा ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः योग अभ्यास से हुई, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने मिलकर विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम किए। योग शिक्षक के निर्देशन में शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण आसनों का अभ्यास किया गया। प्रिंसिपल मनिंदर वोहरा ने स्वयं योग कर बच्चों को प्रोत्साहित किया और अपने संदेश में कहा कि योग हमारे जीवन को संतुलित, स्वस्थ और सकारात्मक बनाता है। यह शारीरिक ही नहीं, मानसिक रूप से भी हमें मज़बूत करता है।अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की और बच्चों के साथ मिलकर योग में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नियमित योग करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

# शिक्षा के संग पर्यावरण का पाठ - डीएवी 39डी में वन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया



चंडीगढ़ दिनभर

**चंडीगढ़ :** डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर 39 डी में वन महोत्सव बड़े ही उत्साह और पर्यावरणीय चेतना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें छात्रों, शिक्षकों एवं स्कूल स्टाफ ने सक्रिय भागीदारी की।

विद्यालय की माननीय प्राचार्या मनिंदर वोहरा जी ने भी विशेष रूप से कार्यक्रम में भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए स्वयं अपने कर-कमलों से पौधे रोपे। उनके नेतृत्व में स्कूल परिसर में 30 से अधिक पेड़ एवं पौधों का रोपण किया गया, जिनमें नीम, पीपल, गुलमोहर, तुलसी और अन्य औषधीय पौधे शामिल थे। इस अवसर पर छात्रों ने पर्यावरण जागरूकता से संबंधित पोस्टर बनाए, नारे लगाए और प्रकृति की रक्षा का संकल्प लिया। प्राचार्या जी ने अपने संबोधन में सभी को पेड़ों की महत्ता और जलवायु परिवर्तन से निपटने में उनकी भूमिका के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम, संवेदनशीलता एवं संरक्षण की भावना का विकास करना था, जो पूर्णतः सफल रहा।

## डीएवी स्कूल चंडीगढ़ में शहीदों को नमन



**चंडीगढ़।** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर–39 डीए चंडीगढ़ में आज महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद उधम सिंह की शहादत दिवस के अवसर पर एक भावपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या मानिंदर वोहरा ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद उधम सिंह जैसे वीरों का बलिदान हमें देशभक्ति, निडरता और सेवा.भाव की प्रेरणा देता है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 39 -डी स्कूल में शतरंज प्रतियोगिता में दिखाया उत्कृष्ट प्रदर्शन

चंडीगढ़ दिनभर

**चंडीगढ़ :** हाल ही में डी ए वी पब्लिक स्कूल सेक्टर 39- डी में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में डीएवी स्कूलों के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या मनिंदर वोहरा जी द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि शतरंज जैसे बौद्धिक खेल विद्यार्थियों के मानसिक विकास में अहम भूमिका निभाते हैं।



## प्रतियोगिता के प्रमुख परिणाम

- बालक वर्ग

यू-14
1 पहला - सीएल डीएवी
2 दूसरा - डीएवी-39
3 तीसरा - डीएवी मोहाली

यू-17
1 पहला - डीएवी-8
2 दूसरा - केबी डीएवी-7
3 तीसरा - डीएवी-39

यू-19
1 पहला - केबी डीएवी-7
2 दूसरा - डीएवी-15

- बालिका वर्ग

यू-14
1 पहला - केबी डीएवी-7

यू-17
1 पहला - केबी डीएवी-7

*प्रतियोगिता के अंत में विजेताओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्राचार्या मनिंदर वोहरा जी ने विजेताओं को बधाई दी और सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।*



## डीएवी पब्लिक स्कूल चंडीगढ़ में धूमधाम से मनाया ग्रीन-डे

चंडीगढ़। डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-39ए डी में प्रधानाचार्या मनिंदर वोहरा के मार्गदर्शन में ग्रीन डे उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने पर्यावरण के महत्व को समझा और हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्या मनिंदर वोहरा ने बच्चों को प्रेरित किया और पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया। सभी बच्चों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और इस दिन को यादगार बनाया। इस अवसर पर छात्रों को पर्यावरण बचाने का संदेश दिया।





# फिरमीडिया सी - Firmedia c

पेज संख्या : 01
मूल्य : 02/-
Sat, 26 Jul 2025

चंडीगढ़, पंजाब,हरियाणा, हिमाचल प्रदेश,दिल्ली एनसीआर







Top News

## डी ए वी पब्लिक स्कूल, सेक्टर 39-डी में ब्लू डे की रंगीन धूम*

डी ए वी पब्लिक स्कूल सेक्टर 39 डी की प्रधानाचार्या श्रीमती मनिंदर वोहरा जी के मार्गदर्शन में "ब्लू डे" हर्षोल्लास से मनाया गया। नन्हे बच्चों ने नीले रंग की सुंदरता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रस्तुत किया।

नर्सरी में वॉटर प्ले, कविताएँ और मछली कला रही आकर्षण का केंद्र।

एलकेजी के बच्चों ने नीली लोमड़ी के मास्क पहनकर गीत गाए और रैंप वॉक किया, वहीं यूकेजी में "जल बचाओ" थीम पर हेडगियर बनाए गए और वर्षा गीतों की प्रस्तुति दी गई।

"नीली सियार" की कहानी ने बच्चों की कल्पनाओं को पंख दिए। यह दिन रचनात्मकता और आनंद से भरपूर रहा — एक सचमुच "ब्लू-टिफुल" अनुभव!

## डी ए वी पब्लिक स्कूल सेक्टर 39-डी में ब्लू डे की रंगीन धूम




चंडीगढ़। डी ए वी पब्लिक स्कूल सेक्टर 39 डी की प्रधानाचार्या श्रीमती मनिंदर वोहरा जी के मार्गदर्शन में ÷ब्लू डे÷ हर्षोल्लास से मनाया गया। नन्हे बच्चों ने नीले रंग की सुंदरता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रस्तुत किया।

नर्सरी में वॉटर प्ले, कविताएं और मछली कला रही आकर्षण का केंद्र। एलकेजी के बच्चों ने नीली लोमड़ी के मास्क पहनकर गीत गाए और रैंप वॉक किया, वहीं यूकेजी में जल बचाओ÷ थीम पर हेडगियर बनाए गए और वर्षा गीतों की प्रस्तुति दी गई। नीली सियार÷ की कहानी ने बच्चों की कल्पनाओं को पंख दिए। यह दिन रचनात्मकता और आनंद से भरपूर रहा – एक सचमुच ब्लू-टिफु÷ अनुभव!







**Newspedia24**

*Love for Environment sown in childhood in DAV Public School - Green Day Celebration*

'Green Day' celebrated with enthusiasm in DAV Public School, Sector 39, D under the leadership of Principal Smt. Maninder Vohra ji. On this occasion, children understood the importance of environment and pledged to increase greenery.

*main activities:*

UKG: Children made posters on the theme "Go Green" and "Save Trees" and gave the message of saving trees.

Theme based Plants (Group Activity): Children planted and decorated plants in pots together.

LKG:- Vegetable shawl printed and "Eat Healthy Vegetables" headgear made.

Nursery: Activities related to fruits were conducted in which children identified the fruits and learnt their benefits.

Principal Smt. Maninder Vohra ji inspired the children and told about the importance of environmental protection. All kids actively participated and made the day memorable

**Newspedia24**
13h ·

*Exhibition and Blood Donation Camp organized at DAV Public School, Sector 39D.

Chandigarh, August 25: Chairman Sir Dr. ग. A motivational exhibition and presentation at DAV Public School, Sector 39D today under the inspirational leadership of Maria and Principal Smt. Maninder Vohra ji
Blood donation camp was organised. The aim was to provide a platform for students' creative talents and raise awareness towards social service.
In the exhibition, students presented innovative models and projects based on topics such as science, mathematics, environment, technology, art and culture, which were highly praised by parents and audience.
A blood donation camp was also organized in which teachers, parents and people from different walks of society participated enthusiastically. The camp was put on in collaboration with a local blood bank.
Chairman sir Dr. ग. Maria praised the initiative and said that such events are crucial for the holistic development of students. Principal Smt. Maninder Vohra ji also expressed her happiness and said that the program inculcates creativity as well as social responsibility in the students.
At the end of the program, the participants were awarded with certificates and the blood donors were awarded with letters of appreciation. School staff and volunteers played a commendable role in making the entire program a success.



दिव्य हिमाचल

11/12

# डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया हिंदी दिवस



चंडीगढ़। डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-39 डी चंडीगढ़ में हिंदी दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राचार्या मनिंदर वोहरा ने बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि हिंदी केवल भाषा नहीं, हमारी संस्कृति और पहचान है। बचपन से ही बच्चों में हिंदी के प्रति आदर और रुचि विकसित करना आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों के प्रयासों की भी प्रशंसा की और कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी को बधाई दी।

**Chandigarh News Punjabi**
1d ·

Today the D. .. .. Rotary Club Chandigarh organized a special event in Public School, Sector 39D, Chandigarh. On this occasion, President of Rotary Club Chandigarh Shri J. ज. Bawa made students members of Rotary club.

During the program, children were made aware of the Rotary Club's social service activities and their objectives. Students enthusiastically took oath for membership and assured their participation in social welfare activities.
Principal Smt. Maninder Vohra ji expressed her views on the occasion and said that such programmes instill a sense of social responsibility in children and inspire them to become good citizens in life.
The event ended with a thank you proposal.




**Chandigarh News Punjabi**
1d ·

D. ए. वी. A fire drill was conducted in Public School, Sector 39-D, Chandigarh today under the leadership of Principal Smt. Maninder Vohra ji. The main purpose of this exercise was to educate children and teachers about safety measures in case of fire.
The use of fire extinguisher was explained in detail during the drill. Students were taught how important it is to stay calm, evacuate and arrive to a safe location in an emergency. On this occasion, the fire fighting team also gave a practical demonstration.
Principal Smt. Maninder Vohra ji said in her address that such exercises increase safety awareness and prepare children for emergency situations.
The fire drill was a success and the children participated with great enthusiasm.
Rate this translation



**Chandigarh News Punjabi**
1d ·


Chandigarh Traffic Police organised an awareness program in DAV Public School, Sector 39-D, Chandigarh. The program was led by the principal of the school Mrs. Maninder Vohra.

Traffic police officers briefed students in detail about road safety and traffic rules. Zebra crossing should be used while crossing the road, helmet is required while driving two-wheelers and seat belts should be used in four-wheelers.

Children were made to understand the importance of traffic signals and tips were also given to walk carefully on the roads. During the program, students also asked questions enthusiastically and the traffic police cleared their doubts.

At last, Principal Smt. Maninder Vohra ji thanked traffic police and urged children to become a responsible citizen by following traffic rules.

# ROAD SAFETY SESSION



गर्मियों में ठंडी-ठंडी नन्ही किलकारियां

## डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-39 डी, चंडीगढ़ में नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए स्प्लैश पूल गतिविधि आयोजित





**चंडीगढ़ दिनभर**

चंडीगढ़ : डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-39 डी, चंडीगढ़ में नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए स्प्लैश पूल गतिविधि का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नर्सरी, एल.के.जी. और यू.के.जी. कक्षाओं के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गर्मियों के मौसम में पानी से जुड़ी यह गतिविधि बच्चों के लिए अत्यंत रोचक और ताजगी से भरने वाली रही। रंग-बिरंगे फ्लोट्स, पानी में तैरती गेंदों और जल खेलों के साथ बच्चों ने खूब आनंद लिया। छोटे-छोटे बच्चों के चेहरों पर झलकती मुस्कान और उल्लास देखने योग्य था। विद्यालय की प्राचार्या मनिंदर वोहरा जी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियाँ बच्चों को न केवल आनंद प्रदान करती हैं, बल्कि उनके सर्वांगीण विकास में भी सहायक होती हैं। इस गतिविधि ने नन्हे-मुन्नों की छुटपुट हंसी और छपाक-छपाक की मस्ती से पूरे विद्यालय का वातावरण खुशनुमा बना दिया।

**Chandigarh News Punjabi**
3d ·

'Chhpachhap Talab' activity organized in DAV Public School 39D Chandigarh*

Chandigarh, September 19 - D. .. Pool party was organised in V Public School 39D for the children from Nursery to UKG class under the leadership of Principal Smt. Maninder Vohra ji. Kids enjoyed playing in the water during summer.
Children enjoyed various games in water by wearing colourful swimming costumes. The teachers also conducted a number of fun games to increase the entertainment of the children.
Principal Mrs. Maninder
Vohra ji said that activities like these instill happiness, self-confidence and a sense of collective spirit in children. The effort was also appreciated by the parents.




# माताओं और पूर्व छात्रों के साथ मनाया गया डांडिया उत्सव

## विद्यालय की प्राचार्या मनिंदर वोहरा ने दीप प्रज्वलन और आरती के साथ किया कार्यक्रम का शुभारंभ

**चंडीगढ़ दिनभर**





चंडीगढ़ : डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर 39-डी, चंडीगढ़ में दिनांक 27 सितम्बर को डांडिया उत्सव एवं ऐलुमनाई मीट का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या मनिंदर वोहरा जी ने दीप प्रज्वलन और आरती के साथ किया, जो नवरात्रि के शुभ अवसर पर विशेष रूप से आयोजित की गई थी। इस अवसर पर विद्यालय की माताओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मटका दौड़, कुर्सी दौड़ और टंग ट्विस्टर जैसे मजेदार खेल आयोजित किए गए, जिनमें बच्चों, माताओं और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। डांडिया की थाप पर सभी ने मिलकर झूमकर नृत्य किया। ऐलुमनाई एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भी विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। जिनमें अनुराग जिंदल (अध्यक्ष), हर्षदीप (उपाध्यक्ष), भाविका (सचिव), युवान महाजन (सह सचिव) साथ ही सदस्य उपासना, गुंताश और बिपिन छेत्री ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यालय की प्राचार्या मनिंदर वोहरा ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों, माताओं और पूर्व छात्रों के बीच मजबूत संबंध स्थापित करते हैं। माताओं की सक्रिय भागीदारी बच्चों के आत्मविश्वास और प्रगति के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और सामूहिक नृत्य के साथ हुआ।

# डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल सेक्टर 39 डी, में हर्षोल्लास से मनाया दशहरा



**चंडीगढ़ दिनभर**

चंडीगढ़ : डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, सेक्टर 39-डी, चंडीगढ़ में बड़े हर्ष और उल्लास के साथ दशहरा उत्सव मनाया गया। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी सजावट और आकर्षक झंडियों से सुसज्जित किया गया, जिसने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया।

छोटे-छोटे बच्चों ने रामायण की झलकियों पर आधारित सुंदर नाट्य प्रस्तुति दी। भगवान राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान के पात्रों का अभिनय कर बच्चों ने सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा रावण दहन। विद्यार्थियों ने मिलकर रावण का पुतला जलाया, जिसके साथ पूरे वातावरण में जय श्री राम के नारे गूंज उठे। इस अवसर पर यह संदेश दिया गया कि अंततः असत्य, अहंकार और बुराई पर सत्य, सद्गुण और अच्छाई की ही विजय होती है। विद्यालय की प्राचार्या मनिंदर वोहरा ने इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि दशहरा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की शिक्षा भी है। उन्होंने कहा कि हमारे भीतर छिपे नकारात्मक भाव झ क्रोध, ईर्ष्या, आलस्य और अहंकार झ ही वास्तविक रावण हैं, जिन्हें हमें सदैव परास्त करना चाहिए। प्राचार्या जी ने बच्चों को प्रेरित किया कि वे सदैव सत्य, परिश्रम और सकारात्मकता का मार्ग अपनाएं।

इस अवसर पर शिक्षकगण एवं अभिभावक भी उपस्थित रहे और सभी ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की। अंत में विद्यालय परिवार ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे हमेशा सत्य, प्रेम और सहयोग के पथ पर चलेंगे।

---

दिव्य हिमाचल 4/20

वाले इस जलाशय में सेक्टर-57 जल ही मिलेगा। नवरात्र से दीपावली तक का समय देश

# डीएवी स्कूल चंडीगढ़ में रावण दहन

## छात्रों ने धूमधाम से मनाया दशहरा उत्सव, निकाली भव्य झाकियां

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो- चंडीगढ़**



डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-39 डी चंडीगढ़ में बड़े हर्ष और उल्लास के साथ दशहरा उत्सव मनाया गया। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी सजावट और आकर्षक झंडियों से सुसज्जित किया गयाए जिसने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। छोटे-छोटे बच्चों ने रामायण की झलकियों पर आधारित सुंदर नाट्य प्रस्तुति दी। भगवान राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान के पात्रों का अभिनय कर बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा रावण दहन। विद्यार्थियों ने मिलकर रावण का पुतला जलाया। इसके साथ पूरे वातावरण में जय श्रीराम के नारे गूंज उठे। इस अवसर पर यह संदेश दिया गया कि अंततः असत्य, अहंकार और बुराई पर सत्य, सद्गुण और अच्छाई की ही विजय होती है। विद्यालय की प्राचार्या मनिंदर वोहरा ने इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि दशहरा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की शिक्षा भी है। उन्होंने कहा कि हमारे भीतर छिपे नकारात्मक भाव क्रोध, ईर्ष्या, आलस्य और अहंकार ही वास्तविक रावण हैं, जिन्हें हमें सदैव परास्त करना चाहिए। प्राचार्या ने बच्चों को प्रेरित किया कि वे सदैव सत्य, परिश्रम और सकारात्मकता का मार्ग अपनाएं।

---

दिव्य हिमाचल 5/22

## डीएवी स्कूल चंडीगढ़ में शबद गायन



चंडीगढ़। डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-39डी चंडीगढ़ में श्री गुरु नानक देव जी का पवित्र गुरुपर्व बड़े आदर और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ इक ओंकार के उच्चारण से हुआ। विद्यार्थियों ने मधुर शब्द गायन प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। छोटे बच्चों ने गुरु नानक देव जी के उपदेशों पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिनसे सभी उपस्थित जन प्रेरित हुए। विद्यालय की प्राचार्या मनिंदर वोहरा जी ने गुरु नानक देव जी के उपदेश श्किरत करो, नाम जपो और वंड छको की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रेरक संदेश दिया। उन्होंने सभी को सत्य, सादगी और सेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

---

**Chandigarh News Punjabi**

Gurpurab celebrated in DAV Public School, Sector 39-D, Chandigarh *

Gurpurab of Shri Guru Nanak Dev Ji was celebrated with great respect and devotion in DAV Public School, Sector 39-D, Chandigarh. The event began with the pronunciation of "Ek Oankar". Students won everyone's heart by singing hymns. Little children gave beautiful presentations based on the teachings of Guru Nanak Dev Ji.

School Principal Smt. Maninder Vohra ji gave a motivational message to the children about the importance of Guru Nanak Dev ji's teachings — "Do deeds, chant the name and distribute" —. They inspired all to walk the path of truth, simplicity and service.

The event was concluded with prayer and prasad distribution. The whole school echoed with the tunes of Gurbani and everyone's minds were delighted with the words of Guru Ji.

---

दिव्य हिमाचल 4/20

## डीएवी पब्लिक स्कूल में बाल दिवस की धूम



चंडीगढ़। डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 39-डी, चंडीगढ़ में बाल दिवस बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर पूर्व प्राथमिक कक्षा तथा प्राथमिक वर्ग के बच्चों के लिए विविध मनोरंजक खेल गतिविधियां आयोजित की गईं। विद्यालय की प्रधानाचार्या मनिंदर वोहरा ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



# डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर 39 डी में मनाया लोहड़ी पर्व

चंडीगढ़ दिनभर



चंडीगढ़ : डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर 39 डी में इस वर्ष भी लोहड़ी उत्सव बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह पर्व मुख्य रूप से पंजाबी संस्कृति और किसानों की फसल कटाई का उत्सव है।

उत्सव की शुरुआत गायत्री जाप से हुई। इसके बाद स्कूल के प्रांगण में लोहड़ी का अग्निकुंड जलाया गया। साथ ही गुड़, मूंगफली और रेवड़ी भी वितरित की गईं जो लोहड़ी का विशेष हिस्सा है। प्रधानाचार्या मनिंदर वोहरा जी ने कहा कि लोहड़ी केवल त्योहार नहीं है, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों को उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा के साथ जीने की प्रेरणा भी दी। अंत में, सभी ने अग्निकुंड के चारों ओर घूमकर लोहड़ी गीत गाए और कार्यक्रम सफलतापूर्वक समाप्त हुआ। इस तरह हमारा स्कूल इस साल भी लोहड़ी उत्सव को पारंपरिक और आनंदमय तरीके से मनाने में सफल रहा। कार्यक्रम में अध्यापकों ने पारंपरिक पंजाबी परिधान पहनकर बच्चों का मार्गदर्शन किया और उत्सव को और आकर्षक बनाया। लोहड़ी का यह उत्सव बच्चों के लिए मनोरंजक और अपनी संस्कृति से जुड़ने का सुंदर अवसर था।


ओ३म्

आर्य जगत्

कृण्वन्तो विश्वमार्यम्

रविवार, 01 फरवरी 2026 | आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा का साप्ताहिक पत्र | सप्ताह रविवार, 01 फरवरी 2026 से 07 फरवरी 2026

माघ शु. 15 • वि० सं०-2082 • वर्ष 67, अंक 05, प्रत्येक मंगलवार को प्रकाशित, दयानन्दाब्द 201 • सृष्टि-संवत् 1,96,08,53,126 • पृ.सं. 1-12 • मूल्य - 5/- रु. • वार्षिक शु. 300/- रु.


## डी.ए.वी. सैक्टर-39 डी, चंडीगढ में नववर्ष पर हुआ यज्ञ



डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल सैक्टर–39 डी चण्डीगढ़ में नववर्ष के शुभ अवसर पर विद्यालय प्रांगण में वैदिक परंपराओं के अनुरूप हवन का कार्यक्रम किया गया। इस आध्यात्मिक कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों का आगामी परीक्षाओं में सफलता, मानसिक शांति तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए ईश्वर से प्रार्थना करना था।

हवन कार्यक्रम में प्रधानाचार्या श्रीमती मनिंदर वोहरा जी तथा शिक्षकगण, कर्मचारी तथा विद्यार्थियों ने श्रद्धा एवं अनुशासन के साथ सहभागिता की। मंत्रोच्चारण और आहुतियों के माध्यम से विद्यालय परिसर में सकारात्मक एवं पवित्र वातावरण का निर्माण हुआ। विद्यार्थियों ने पूरे मनोयोग से हवन में भाग लेकर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया।

इस अवसर पर महान समाज सुधारक, स्वतंत्रता सेनानी एवं शिक्षाविद् स्वामी श्रद्धानंद जी के आदर्शों और उनके सर्वोच्च बलिदान को भी स्मरण किया गया। उनके द्वारा शिक्षा, नारी उत्थान और वैदिक धर्म के प्रचार हेतु किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला गया तथा विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी गई।

विद्यार्थियों को नववर्ष की शुभकामनाएँ दीं तथा उन्हें परिश्रम, आत्मविश्वास, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ हुआ। यह आयोजन विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच, आत्मबल और एकाग्रता को बढ़ाने वाला सिद्ध हुआ।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाई बसंत पंचमी



चंडीगढ़। डीएवी में बसंत पंचमी पर आयोजित कार्यक्रम में पीले परिधानों से सजे नन्हे-मुन्ने

चंडीगढ़। डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 39-डी, चंडीगढ़ में बसंत पंचमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास और पारंपरिक रूप से मनाया गया। यह दिन विद्या, कला और संगीत की देवी मां सरस्वती को समर्पित होता हैए जो ज्ञान और बुद्धि का प्रतीक हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मनींदर वोहरा ने सभी विद्यार्थियों को बसंत पंचमी के महत्तव के बारे में बताया और उन्हें ज्ञान, संस्कार व सृजनात्मकता के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्री-प्राइमरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। पीले परिधानों में सजे छोटे-छोटे बच्चों की मासूम अदाओं और उत्साह से भरे नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। उनकी प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को उल्लास और आनंद से भर दिया।



शिव तांडव, एसडीएसएन स्कूल के भारत पद्मश्री आवार्डी महावीर गुप्ता किया गया।

## डीएवी स्कूल चडीगढ़ में हवन यज्ञ के साथ नए सत्र का आगाज



चंडीगढ़। डीएवी पब्लिक स्कूल मे नववर्ष के शुभ अवसर पर विद्यालय प्रांगण मे वैदिक परंपराओं के अनुरूप हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियो के आगामी परीक्षाओं मे सफलता, मानसिक शाति तथा उज्वल भविष्य के लिए ईश्वर से प्रार्थना करना था। हवन कार्यक्रम मे विद्यालय के प्रधानाचार्या मति मनिंदर वोहरा तथा शिक्षकगण, कर्मचारी तथा विद्यार्थियो ने श्रद्धा एवं अनुशासन के साथ सहभागिता की

# DAV UNITED MAGAZINE




### Rhythm & Reunion Night 2025

**DAV Public School, Sector 39-D, Chandigarh**

### Grace of Punjab Shines on a Global Stage

Guntaash Kaur, a talented Class VIII student of **DAV Public School, Sector 39-D, Chandigarh,** brought immense pride to the institution by representing the vibrant culture of Punjab at the Admiralty Needle Fashion Week in Saint Petersburg, Russia. With confidence and elegance, she showcased traditional Punjabi attire, captivating the international audience with her poise and authenticity. Her remarkable presentation earned widespread appreciation, making her a true young cultural ambassador. Guntaash's achievement reflects Punjab's rich heritage on a prestigious global platform and inspires students to celebrate their roots with confidence.